year 1994-95, sugarcane production in Maharashtra is estimated at 370.00 lakh tonnes (Advance). The installed capacity of sugar mills in Maharashtra is 2,11,747 tonnes cane per day. Taking an average duration of 150 days, he requirement of cane for sugar mills in Maha* rashtra would be of the order of 317.62 lakh tonnes. Further, in order to fa« crease the cane production Jn the area of operation of sugar factories, financial assistance at concessional rate of in» terest is being provided from the Sugar Development Fund.

(c) No letter of intent has been issued during the current sugar yeat 1994-95 (October-September) so far for setting up of new sugar mills.

देश में चीनी मिलों की स्थापना

516. **श्रीमती सुषमा स्वराज :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में चीनी के उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए नई चीनी मिलें स्थापित करने और पुरानी मिलों के विस्तार हेतु लाइसेंस जारी किए हैं ;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 1991-92, 1992-93 में नई मिलें स्थापित करने और पुरानी मिलों का विस्तार करने हेतु कुल कितने लाइसेंस जारी किए गए और उनकी उत्पादन क्षमता कितनी है ;

(ग) क्या सरकार ने अक्तूबर, 1994 में देश में स्थापित चीनी मिलों की उत्पादन क्षमता का अनुमान लगाया है ;

(घ) यदि हां, तो इनकी क्षमता कितनी है और वर्ष 1994-95 में देश में कितनी मात्रा में गन्ना उपलब्ध होने की संभावना है ; और

(ङ) क्या देश में स्थापित चीनी त्पादन क्षमता का भरपूर उपयोग करने के लिए पर्याप्त मात्रा में गन्ना उपलब्ध है ; यदि नहीं, तो गन्ने की कितनी मात्रा की आवश्यकता होगी ?

खाद्य मंत्रालय के राज्य मं(कल्प नाथ राय) : (क) और (ख) जी, हां । 1991-92 और 1992-93 चीनी वर्ष (अक्तूबर-सितंबर) के दौरान नई चीनी मिल स्थापित करने के लिए एक आशय-पत्र और मौजूदा इकाईयों के विस्तार हेतु 24 आशय-पत्र जारी किए गए हैं । इन इकाइयों की वार्षिक चीनी उत्पादन क्षमता 5.7447 लाख टन होगी ।

(ग) से (ङ) देश में 31-10-94 तक चीनी मिलों की लाइसेंसशुदा क्षमता 116.2174 लाख टन की संस्थापित क्षमता सहित वार्षिक चीनी उत्पादन के हिसाब से 205.1668 लाख टन थी । वर्ष 1994-95 के दौरान 2456.09 लाख टन गन्ना उत्पादन का अनुमान लगाया गया है । चीनी उत्पादन क्षमता के उपयोग के लिए देश में गन्ने की पर्याप्त उपलब्धता है । तथापि, चीनी उत्पादन के लिए उपलब्ध होने वाली गन्ने की मात्रा उसके अन्य मीठा करकों की और विपथन पर निर्भर करेगी ।

चीनी का उत्पादन

517. **श्री राम जेठमलानी :**
श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पिराई वर्ष 1994-95 के दौरान चीनी के उत्पादन की मात्रा का अनुमान लगाया है ;

(ख) यदि हां, तो यह मात्रा कितनी है और गत वर्ष 1993-94 (सितम्बर-अक्तूबर) में देश में कुल कितनी मात्रा में चीनी का उत्पादन किया गया ;

(ग) 30 सितम्बर, 1993 की स्थिति के अनुसार चीनी का शेष भंडार